प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 23.06.2025

- **थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते जानलेवा हमला करने वाले 01 नफर अभियुक्त को मात्र 24 घण्टे के अन्दर किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त असलहा-कारतूस किया गया बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल मार्गदर्शन में एवं पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री अरविन्द मिश्र के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 23.06.2025 को वादी श्री प्रदीप मिश्रा पुत्र स्व0 श्याम मनोहर मिश्रा निवासी ग्राम करीम नगर थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात द्वारा स्वयं पर जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर करने के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर पर थाना सिकन्दरा पर मु0अ0सं0 104/25 धारा 352/351(2)/109 बीएनएस बनाम 01 नफर नामजद अभियुक्त पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में थाना सिकन्दरा पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त प्रमोद मिश्रा उर्फ अनिल मिश्रा पुत्र स्व0 माता प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम करीम नगर थाना सिकन्दरा कानपुर देहात को दिनांक 23.06.2025 को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को नियमानुसार मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा चुका है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. प्रमोद मिश्रा उर्फ अनिल मिश्रा पुत्र स्व0 माता प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम करीम नगर थाना सिकन्दरा कानपुर देहात

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास

1. मु0अ0सं0 104/25 धारा 352/351(2)/109 बीएनएस थाना सिकन्दरा जनपद कानपुर देहात।

बरामदगी –

1. 01 अदद देशी तमन्चा 315 बोर मय 03 अदद जिन्दा कारतूस व 07 अदद खोखा कारतूस 315 बोर मय कारतूस पेटी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

थाना सिकन्दरा पुलिस टीम